कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, रायपुर (छ.ग.)

फोन नम्बर एवं फैक्स नं. 0771–2972780

छ.ग. राज्य वन विकास निगम लिमिटेड, रायपुर के अंतर्गत उपप्रबंधक (वानिकी) कनिष्ठ (FNDM18)

भर्ती परीक्षा–2018 ऑनलाइन फार्म भरने से पहले निम्न बिन्दुओं पर अवश्य ध्यान देवें

1. व्यापम के वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in में ऑनलाइन फार्म में डाउन लोड इमेज फार्मेट में क्लिक कर उस पेज का प्रिंट निकाले एवं उसमें फोटो के स्थान पर 3.5 से.मी. चौड़ाई x 4.5 से.मी. लंबाई का फोटो चिपकाऐं । उसके नीचे में दर्शाये गये बॉक्स में अपना हस्ताक्षर करें व नाम लिखें। उसके नीचे के बॉक्स में बॉयें हाथ के अॅगूठे का स्पष्ट निशान लगावें । फोटो, हस्ताक्षर, नाम तथा अॅगूठा निशान इन चारों को एक ही पेपर पर निर्दिष्ट स्थान पर (मिले हुए फार्मेट मे), रख कर स्कैन (SCAN) कराकर, jepg फार्मेट में, फाईल के रूप में जिसका अधिकतम साइज 50 kb एवं न्यूनतम साइज 40 kb का हो, सेव करके रखें। (फाइल का नाम अल्फान्यूमेरिक में रखें, बीच में अंतराल तथा डॉट का प्रयोग न करें) जिसे आवेदन पत्र (फार्म) में अपलोड किया जा सके।

2. व्यापम का देय आवेदन पत्र का शुल्क – परीक्षा हेतु –सामान्य वर्ग के लिए 350/अ.पि.वर्ग के लिए 250/–, अनुसूचित जाति/जनजाति/निःशक्तजन के लिए 200/– रू. है ।

3. आवेदन फार्म भरने से पहले फार्म में आवश्यक जानकारियॉ एक कोरा कागज में लिख कर तैयार रखें एवं ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के बाद यह सुनिश्चित कर लेवें कि दी गई सभी जानकारियॉ सही है। एक बार आवेदन जमा होने के बाद किसी भी स्तर पर कोई भी जानकारी में संशोधन संभव नहीं होगा । अतः ध्यान रहे कि, ऑनलाइन फार्म में डाटा सावधानी से भरा जाये ।

4. आपका वैध E-mail (इ मेल) आई.डी. होना आवश्यक है । अतः अपना E-mail बनाकर तैयार रखे ।

5. उपरोक्त परीक्षा शुल्क अदा करने हेतु बैंक का डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड के उपयोग में निर्धारित परीक्षा शुल्क के अतिरिक्त बैंक कमीशन भी कटेगा । उसके बाद ही आपका आवेदन स्वीकार होगा। इसमें एक Registration ID नंबर (उदाहरण स्वरूप FNDM18000045678 या अन्य नंबर) Generate होगा तथा Successful Upload के बाद फार्म की कापी में दिखेगा । परीक्षा शुल्क के आपके पास से व्यापम को पहुॅचने की सूचना **Transaction Status** के **Successful** होने के रूप में एक **Transaction No.** के साथ आयेगा । इसे देख लें । यदि **Transaction No.** नहीं दिखता है, तो इसका अर्थ है कि आपका शुल्क व्यापम को प्राप्त नहीं हुआ है । ऐसी दशा में कृपया पुनः आवेदन पत्र नये सिरे से भरें ।

   इसके साथ ही व्यापम के **Home Page** के **Check Transaction Status** में भी **Registration ID** डालकर अपने आवेदन पत्र की स्थिति देख लं, जिससे आप सुनिश्चित हो जायें कि आपका आवेदन मय शुल्क के व्यापम में पहुॅच चुका है । इसी Registration ID नम्बर के आधार पर परीक्षार्थियों के एडमिट कार्ड इसी वेबसाइट cgvyapam.choice.gov.in पर परीक्षा के एक सप्ताह पूर्व लोड किये जायेंगे जिसमें से प्रिंट प्राप्त कर आप परीक्षा में शामिल हो सकेंगे ।

6. सफल Upload के बाद स्क्रीन पर प्राप्त फार्म का प्रिंट आउट लेकर रखे । यह परीक्षा केन्द्र में दिखाने में काम आयेगा ।

7. ऑनलाइन आवेदन फार्म भरने के लिए बिन्दुवार आवश्यक दिशा निर्देश अलग से दिये गये है जिसे ध्यान से पढ़ें ।